Title: Need to formulate a plan to check pollution in Delhi.-Laid

श्री राजो सिंह (बेगूसराय): आज दिल्ली महानगर विश्व के चन्द अधिकतम प्रदूषित नगरों में से एक है। यहां की हवा, पानी सभी अत्यंत प्रदूषित हैं। इस महानगर के अधिकांश नागरिक प्रदूषण से पैदा होने वाली परेशानियों के शिकार बन रहे हैं। इस प्रदूषित वातावरण में पैदा होने वाले नवजात शिशु अपनी हर सांस में धुआं पी रहे हैं। ऐसी विकट समस्या पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ढुलमुल नीतियों ने आज इस समस्या को विकट बना दिया है। हद तो यह है कि इसके समाधान के लिए अदालतें सरकार को सुझाव दे रही हैं। केन्द्र सरकार के पास अपनी कोई वातावरण से संबंधित पालिसी नहीं है। इसके अभाव में राज्य सरकारें भी अपनी जिम्मेदारी उचित रूप से नहीं निभा रही हैं। इस कठिन समस्या के निदान हेतु केन्द्र सरकार को दिल्ली की राज्य सरकार के साथ मिलकर एक योजना बनानी चाहिए ताकि दिल्ली के नागरिकों के जीने के अधिकार का हनन न हो। सरकार को अपनी राय स्पष्ट कर इस मुद्दे पर पूरे सदन में बहस करानी चाहिए। दिल्ली निवासियों के लिए और भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से सरकार को बयान देना चाहिए।